# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 04.06.2025 समय : 1905

<><><><><><><><><>

- विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल विशेष वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत करेंगे।
- मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज भारतीय जनता पार्टी की ओर से कार्यशाला आयोजित।
- संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू।
- मध्योत्तर अंडमान में कल से चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में विशेष वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री एक पेड़ मां के नाम पहल के अंतर्गत बरगद का पौधा लगाएंगे। यह अरावली ग्रीन वॉल परियोजना का एक हिस्सा होगा, जिसका उद्देश्य सात सौ किलोमीटर की अरावली श्रृंखला का फिर से वनीकरण है। परियोजना का उद्देश्य चार राज्यों  दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात के 29 जिलों में अरावली पर्वत श्रृंखला के आसपास के पांच किलोमीटर क्षेत्र को हरा–भरा बनाना और अरावली की जैव विविधता को बढ़ावा देना है। इस परियोजना से क्षेत्र की मिट्टी की उर्वरता, जल उपलब्धता और जलवायु लचीलापन भी सुधार होगा, साथ ही, स्थानीय समुदायों को रोजगार और आय सृजन के अवसर भी बढ़ेंगे।

प्रधानमंत्री दिल्ली सरकार की सतत परिवहन पहल के तहत दो सौ इलेक्ट्रिक बसों को भी झंडी दिखाएंगे। इस पहल से स्वच्छ शहरी गतिशीलता को बढ़ावा मिलेगा और यह पारिस्थितिक संतुलन के प्रति राष्ट्र की सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक होगा।

<><><><><><><><><>

मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज मिडिल प्वाइंट स्थित भाजपा भवन में कार्यशाला आयोजित की गई। इसका विषय था 'विकसित भारत का अमृत काल' और 'सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल'। इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी संजय कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम सह–प्रभारी शीला सिंह,, एम. विनोद, ज्योतिर्मय बावली और प्रदेश महासचिव के. रामदास ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आगामी दो महीने के कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। राज्य कार्यशाला में जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, निर्वाचित प्रतिनिधि, वरिष्ठ पार्टी नेता, मोर्चा पदाधिकारी और पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

<><><><><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग जागरूकता बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई कार्यक्रमों के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाएगा। इस वर्ष का विषय है "विश्व स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना", जो मिशन लाइफ पहल की थीम "सिंगल–यूज प्लास्टिक को न कहें" के साथ गतिविधियों को संरेखित करता है। प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अनुसार, विभिन्न एकल–उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं जैसे पॉलीस्टाइनिन उत्पाद, प्लास्टिक ईयर बड, गुब्बारे के लिए स्टिक, डिस्पोजेबल कटलरी, प्लेट, कप, स्ट्रॉ और प्लास्टिक पैकेजिंग फिल्मों के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग प्रतिबंधित है। इसके अलावा प्रशासन ने कई एकल–उपयोग वाली प्लास्टिक उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर सिंगल–यूज प्लास्टिक की बिक्री और विज्ञापन पर भी प्रतिबंध है। अधिकारियों ने लोगों से प्रतिबंधित सिंगल–यूज प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग न करने की सलाह दी है। इस अवसर पर कपड़े के थैले वितरित करने, स्वच्छता अभियान और पोस्टर अभियान सहित कई कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

<><><><><><><><><>

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, शिक्षा विभाग द्वीपसमूह के बच्चों के लिए रंगोत्सव और पढ़ने की प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। यह आयोजन सी पी आर ई ई सी, दक्षिण फाउंडेशन, गुरू की रसोई और इनर व्हील क्लब के संयुक्त संयोजन से कल राज्य पुस्तकालय में आयोजित किया जाएगा। पंजीकरण प्रक्रिया सुबह 08:30 बजे शुरू होगी। पढ़ने की प्रतियोगिता प्राथमिक स्तर, मध्य स्तर और माध्यमिक स्तर जैसे तीन स्तरों में आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण विषयों के बारे में पढ़कर व्यवहार और जीवन शैली कौशल में बदलाव लाया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक प्रतिभागी राज्य पुस्तकालय से संपर्क कर सकते हैं या सीधे जा सकते हैं।

<><><><><><><><><>

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अहम पहल करते हुए हाल ही में नगरपालिका परिषद ने महिलाओं के लिए वृक्षारोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम नामक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम को अमृत मित्र और राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य हरित वातावरण को बढ़ावा देना और जलवायु परिवर्तन से लड़ने में महिलाओं की भूमिका को मजबूत करना था। इस अभियान के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और स्थानीय निकाय के सदस्यों ने मिलकर पौधरोपण किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें जलवायु चैम्पियन के रूप में सशक्त बनाना था।

<><><><><><>

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा। विपक्षी पार्टियों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में चर्चा के लिए विशेष सत्र बुलाने की मांग को देखते हुए सरकार ने यह निर्णय लिया है। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि संसद का मानसून सत्र 12 अगस्त को संपन्न होगा।

<><><><><><>

खेल प्राधिकरण केन्द्र की ओर से कल से 7 जून तक मध्योत्तर अंडमान में 10 से 14 वर्ष की आयु वर्ग के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। कयाकिंग, कैनोइंग और रोइंग के आवासीय योजना में एथलीटों को शामिल करने के लिए यह चयन किया जा रहा है। आवासीय योजना के तहत मुफ्त आवास, आहार, खेल किट, प्रतियोगिता एक्सपोजर, शैक्षिक व्यय, चिकित्सा और बीमा जैसे व्यय शामिल हैं। चयन ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों को अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ मायाबंदर स्टेडियम में कल सुबह 09.00 बजे उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद द्वारा भातुबस्ती कॉम्प्लेक्स में दुकानों के आवंटन के लिए ऑनलाइन ई–निविदा आमंत्रित की गई है। नियम और शर्तों वाले निविदा दस्तावेज प्रशासन की ई–प्रोक्यूर पोर्टल से डाउनलोड किए जा सकते हैं। निविदा भरने की अंतिम तिथि 25 जून को शाम 4.00 बजे तक है। निविदा उसी दिन शाम 4.30 बजे परिषद के राजस्व अनुभाग के अधिकारी के कक्ष में निविदाकर्ताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएगी।

<><><><><><>

लिटिल अंडमान के विवेकानन्दपुर पंचायत भवन में बहुउद्देश्यीय जिम की स्थापना की गई है। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख, लोक निर्माण विभाग के अभियंता, पुलिस थाना प्रभारी और प्रधान के अलावा अन्य पंचायती राज संस्था के सदस्य उपस्थित थे।

<><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों के लिए विम्बर्लीगंज के टेबल टेनिस कोचिंग कक्षाएं संचालित करेगा। यह कोचिंग कक्षाएं कन्यापुरम बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित होगी। इच्छुक खिलाड़ी कल से दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित प्रारूप में अपना नाम पंजीकृत करा सकते हैं।

<><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए चार वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम में बीएससी बीएड और बीए बीएड में प्रवेश के लिए ई–प्रॉस्पेक्टस और आवेदन पत्र कल से कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्ध हो जाएंगे। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवारों को संबंधित विषय में किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्मीदवार पांच जुलाई तक पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में जून टर्म एंड परीक्षा बारह तारीख से आयोजित की जाएगी। हॉल टिकट छात्र समर्थ पोर्टल में अपलोड कर दिए गए हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले सभी शिक्षार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरते समय पहले से बनाए गए लॉगिन आईडी के माध्यम से समर्थ पोर्टल से अपना हॉल टिकट डाउनलोड करने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए इग्नू क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>